अच्छी खबर

चिकित्सकों की नियुक्ति का स्वागत, अब जांच सुविधाओं और अस्पताल के उन्नयन पर नजर

एमबीबीएस चिकित्सकों की उपलब्धता के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा विस्तार

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 12 सितंबर, अमरवाड़ा एवं हर्रई क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एमबीबीएस चिकित्सकों की उपलब्धता की पहल सामने आई है। जानकारी के अनुसार, बॉन्ड के माध्यम से एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिए चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

इस पहल को लेकर क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों का हवाला दिया जा रहा है।

हालांकि, इसके साथ ही अमरवाड़ा की मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चिकित्सकों की उपलब्धता के साथ अस्पताल में आवश्यक जांच उपकरण, तकनीकी स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का विस्तार भी जरूरी है।

अस्पताल के उन्नयन को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग

स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभी 30 बिस्तरों की क्षमता के साथ संचालित हो रहा है। क्षेत्र में अस्पताल भवन के निर्माण और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर समय-समय पर प्रयास नहीं किए गए हैं। वहीं स्थानीय नागरिकों की मांग है कि अस्पताल को उसकी वर्तमान क्षमता से आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप विकसित किया जाए। अस्पताल को सिविल अस्पताल का दर्जा मिलने अथवा उसके उन्नयन को लेकर भी क्षेत्र में चर्चा है। इस संबंध में शासन और स्वास्थ्य विभाग की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होने पर तस्वीर और साफ हो सकती है।

पुराने चिकित्सकों की सेवाओं को याद करते हैं क्षेत्रवासी

अमरवाड़ा के कई स्थानीय नागरिक पुराने समय में यहां पदस्थ रहे चिकित्सकों की सेवाओं को आज भी याद करते हैं। नागरिकों के अनुसार, डॉ. पैठनकर, डॉ. पटेल, डॉ. अंशुमान मिश्रा, डॉ. आर.डी. शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. दास, डॉ. गुप्ता, डॉ. हार्डिया, डॉ. दुबे, डॉ. केथवास, डॉ. कंचन दुबे और डॉ. रामटेके सहित कई चिकित्सकों ने अलग-अलग समय में क्षेत्र में सेवाएं दीं। स्थानीय लोगों के बीच डॉ. अंशुमान मिश्रा द्वारा बड़ी संख्या में ऑपरेशन किए जाने की चर्चा भी रही है। हालांकि, ऐसे आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित स्वास्थ्य विभाग या उपलब्ध चिकित्सा अभिलेखों से किया जाना आवश्यक होगा। इसी तरह डॉ. आर.डी. शर्मा के वर्तमान में अमरवाड़ा में सेवाएं की स्थानीय स्तर पर दे रहे महिला स्वास्थ्य सेवाओं में पूर्व में डॉ. श्वेता पाठक की सेवाओं का भी क्षेत्रवासी उल्लेख करते हैं। डॉ. मनीष गठोरिया और डॉ. हनोते के अमरवाड़ा में पूर्व पदस्थ रह चुके

चांदामेटा में ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

सिंगल व डबल वर्ग में हो रहे मुकाबले, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

नवभारत न्यूज

परासिया, 12 सितंबर, सद्भावना स्पोर्ट्स समिति चांदामेटा द्वारा बाजार चौक में ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 सितंबर 2026 को हुआ, जबकि समापन 13 सितंबर को होगा। प्रतियोगिता में सिंगल एवं डबल वर्ग में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।

सिंगल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 11,001 रुपये, द्वितीय स्थान पर 7,001 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 2,001 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार डबल वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15,001 रुपये, द्वितीय 8,001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2,001 रुपये रखा गया है। सिंगल वर्ग की एंट्री फीस 300 रुपये तथा डबल वर्ग की एंट्री फीस 400 रुपये निर्धारित की गई थी। प्रतियोगिता के संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बजोलिया हैं। आयोजन समिति में अध्यक्ष आकाश (अक्कू) विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, संयोजक जाकिर हुसैन एवं शेख जाहिद, सह-संयोजक अबरार भाई (इकबाल) व जाहिद खान, कोषाध्यक्ष नवल सिंह चौहान एवं इमरान खान तथा सचिव मुन्नीठीना (पप्पू) भाई एवं शक्तिन कुरिशिया (पप्पू) सहित समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

निर्णायक मंडल में शेख अलीम, सुंदर यादव, जाकिर हुसैन, शेख जाहिद एवं सोनू जायसवाल शामिल हैं। समिति ने कैरम प्रेमियों एवं क्षेत्र के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सहभागिता कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने की अपील की है।

बगदाद शरीफ के लिए रवाना हुए जायरीन

नवभारत न्यूज

सिंगोड़ी, 12 सितंबर, सिंगोड़ी से नगर के वरिष्ठ नागरिक हाजी वहीद मिस्कीनी व हाजी नसीम मिस्कीनी बगदाद, करबला और नजफ की मुकद्दस यात्रा के लिए शनिवार को रवाना हुए।

गौरतलब है की इस्लामिक इतिहास के सबसे ज्यादा बुजुर्गो की दरगाह ईरान इराक में है जिसमे कर्बला में इमाम हुसैन का रोजा और गोसे आजम की दरगाह सामिल है। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों मित्रों तथा परिवारजनों ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर और शुभकामनाएं देकर

खुशी खुशी विदा किया। इस अवसर पर इलमन मिस्कीनी पत्रकार जाहिद मंसूरी अब्दुल अहद मिस्कीनी समद मिस्कीनी पत्रकार शफीक मिस्कीनी, इलियास खान, जिराक भाई इरफान टेलर सहित अन्य सामिल थे।

28 प्रकरणों का निराकरण, पति-पत्नी का विवाद आपसी समझौते से सुलझा

लोक अदालत : न्यायाधीश आकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में 3 सिविल मामलों सहित प्रकरणों का समाधान

नवभारत न्यूज

हर्रई, 12 सितंबर, हर्रई में आयोजित लोक अदालत में कुल 28 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें 3 सिविल प्रकरण भी शामिल रहे। न्यायाधीश आकाश अहिरवार की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पक्षकारों के बीच आपसी सहमति और समझौते के आधार पर मामलों का समाधान कराया गया। लोक अदालत में पक्षकारों को विवादों का शांतिपूर्ण और शीघ्र निपटारा कराने के लिए प्रेरित किया गया।

पति-पत्नी का विवाद मे आपसी समझौता - लोक अदालत के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में

भी आपसी समझौता कराया गया। दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद दूर करते हुए साथ रहने पर सहमति जताई। समझौते के बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ अपने घर रवाना हुए। इस पहल ने लोक अदालत के माध्यम से पारिवारिक विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से समाप्त करने की भावना को सार्थक किया। न्याय व्यवस्था का ऐसा प्रभावी माध्यम है, जिसमें लंबित और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निपटारा पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जाता है। इसमें दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है और समझौते के आधार पर विवाद का समाधान होने से समय और धन की बचत होती है। लोक अदालत के निर्णय को अंतिम माना जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। इसका उद्देश्य विवादों को बढ़ाने के बजाय संवाद और सहमति के माध्यम से समाप्त करना है। मुकेश चौकसे, शैलेश शर्मा, किशोर डेहरिया, प्रेमभान शाह, अपराजिता श्रीवास्तव, कमलेश इरपाची, राजा कुशवाहा, भारतीय धोलेकर एवं कविता अहिरवार सहित अधिवक्ताओं ने प्रकरणों के निराकरण में सहयोग किया। लोक अदालत का उद्देश्य लंबित विवादों का त्वरित, सरल और आपसी सहमति से समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान करना रहा।

कांग्रेस परिवार ने एकता स्पोर्ट क्लब मटकी फोड़ टीम का तिलक लगाकर किया स्वागत व सम्मान

नवभारत न्यूज

दमुआ, 12 सितंबर, दमुआ की एकता स्पोर्ट क्लब ने मटकी फोड़ में दमुआ का ही नही अपितु पूरे जिले का नाम रोशन किया सर्व प्रथम छिन्दवाड़ा में 55,500 रुपये, बिछुआ में 31,000 रुपये, परासिया भोकई में 11,000 रुपये, भोपाल के अवधपुरी में 2,51,000 रुपये,नंदन दमुआ में 11,000 रुपये और अंत मे भोपाल के कोलार में 1,00,000 रुपये की मटकी फोड़कर एवं ईनाम जीतकर सम्पूर्ण जिले का नाम रोशन किया है।

नए नए कीर्तिमान स्थापित करने के बाद आज जब टीम का नगर आगमन हुआ तो नगर कांग्रेस परिवार दमुआ ने आतिशबाजी करके ढोल बाजो के साथ टीम के सभी सदस्यों का कांग्रेस परिवार के सदस्य बी. एस. ठाकुर, सुभाष गुलबाके, छोटू पाठक, राजेश नागले, सोनू डहेरिया, हामिद खान, राजेन्द्र उईके, नाज़िम खान, हरि यादव, मनोज ठाकुर, बिटटू सूर्यवंशी, चीनू तिवारी, कृष्णा भालेराव, शेख सुल्तान, जावेद अली ने पुष्प व तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत व सम्मान किया और एकता स्पोर्ट के सभी सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

नवभारत न्यूज

पिपारियाकला, 12 सितंबर, गणेश चतुर्थी पर्व नजदीक आते ही खमरा समीपस्थ ग्राम पिपरियाकलां में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं की रंगाई-पुताई, सजावट और आकर्षक रूप देने का काम मूर्तिकारों द्वारा दिन-रात किया जा रहा है।

महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज बिछुआ शाखा के युवा कलाकार एवं मूर्तिकार संतोष सोनी और उनके छोटे भाई मिथलेश सोनी भी गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। दोनों भाई करीब 20

वर्षों से मिट्टी से भगवान गणेश, माता दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। संतोष और मिथलेश सोनी ने बताया कि उन्होंने बचपन से ही मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने की कला सीखी और धीरे-धीरे इसी कला को अपनी आजीविका का साधन बना लिया। पर्व के दिनों में काम बढ़ जाने के कारण प्रतिमाओं को समय पर तैयार करने के लिए परिवार के सदस्य भी सहयोग करते हैं। प्रतिमाओं में रंग भरने से लेकर आकर्षक सजावट तक हर काम बारीकी से किया जाता है। मूर्तिकारों का कहना है कि उनके लिए मूर्तिकला केवल रोजगार नहीं, बल्कि कला और आस्था से जुड़ा कार्य भी है। श्रद्धालुओं की पसंद के अनुसार प्रतिमाओं के स्वरूप और सजावट में बदलाव किया जाता है। गणेशोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह बढ़ने के साथ ही प्रतिमाओं की मांग भी बढ़ रही है और मूर्तिकार उन्हें अंतिम रूप देने में पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं।

शांति समिति की बैठक, गणेश उत्सव एवं पर्युषण पर्व को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय

नवभारत न्यूज

चौरई, 12 सितंबर, शनिवार को तहसील कार्यालय के सभा गृह में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चौरई के वरिष्ठ नागरिक, गणेश उत्सव पंडाल समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण मौजूद रहे।

बैठक में आगामी गणेश उत्सव एवं पर्युषण पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा नगर चौरई के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने, सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली समस्याओं पर अंकुश लगाने तथा गणेश भगवान की

प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सुचारू एवं व्यवस्थित व्यवस्था बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर भी सख्ती बरतने पर सहमति बनी। निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर तेज आवाज में डीजे बजाने वाली समितियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

सिविल न्यायालय परिसर चौरई में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन

नवभारत न्यूज

चौरई, 12 सितंबर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं माननीय अध्यक्ष महोदय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के निर्देशन में शनिवार को सिविल न्यायालय परिसर चौरई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदीप कुमार बरकड़े जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति चौरई द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा तिलगाम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धर्मेन्द्र खंडायत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री निधि लारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी , सुरजीत सिंह ठाकुर, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ , पंकज सिंह ठाकुर ए.डी.पी.ओ. श्रीमती आशु इरपाचे ए.डी.पी.ओ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चौरई, नगर निरीक्षक थाना मोहन सिंह मर्सकोले तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण, उपस्थित रहे। उक्त लोक अदालत में गठित खंडपीठ क्रं.19 प्रदीप कुमार बरकड़े जिला न्यायाधीश चौरई के न्यायालय से कुल 147 प्रकरण रैफर किये गए थे जिसमें 39 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 28,73,946/-रूपये समझौता राशि प्राप्त हुइ। एवं विद्युत विभाग के 871 प्रकरण जिसमें 37 प्रकरण निराकृत हुए एवं 5,22,122/- राशि की वसूली प्राप्त हुई। खंण्डपीठ क्रं. 20 श्रीमती पुष्पा तिलगाम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से 24 प्रकरण रेफर किए गए थे जिसमें 21 प्रकरण का निराकरण हुआ। बैंक के 1041 प्रकरण रखे गए थे जिसमें 19 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं 17,00,000/-रूपये राशि की वसूली प्राप्त हुई।

सफ़र ए बगदाद के लिये चौरई से यात्री रवाना

नवभारत न्यूज

चौरई, 12 सितंबर, शनिवार को चौरई नगर में जनाब हाजी कलाम मंसूरी साहब और नाजमीन मंसूरी साहिबा, जनाब हाजी अकरम मंसूरी, अमान मंसूरी और अनम मंसूरी एक बेहद खूबसूरत और रूहानी सफ़र-ए-बगदाद की यात्रा के लिये रवाना हुये इस मौके पर नगर के मुस्लिम समुदाय के साथ अन्य नगरवासियो ने पुष्पगुच्छ और फूलों की माला देकर दुआएं प्रार्थनाएं और सफर के लिए शुभकामनाएं दी गई।

नगर में जगह-जगह पर नगरवासियों द्वारा शानदार इस्तकबाल किया गया। बगदाद शरीफ, नजफ शरीफ और कर्बला शरीफ की मुक़द्दस पवित्र यात्रा। इस सफ़र में हमें हमारे बुजुर्गाने दीन की बारगाहों की ज़ियारत का सौभाग्य मिले और यह यात्रा हमारे लिए अमन, मोहब्बत, बरकत और रूहानी सुकून का ज़रिया बने। बगदाद शरीफ से लेकर नजफ शरीफ और फिर कर्बला शरीफ तक का यह सफ़र इंसानियत का इतिहास, भाईचारा, अमन-शांति इबादत और अकीदत से जुड़ी यादों को अपने अंदर समेटे हुए है। इस मुबारक मौके पर क्षेत्र के सभी वरिष्ठ-जनों, प्रमुख नेतागण, पत्रकार बंधुगण, नगरवासियों ने मिलकर जगह-जगह पर स्वागत अभिनंदन किया और इस तरह चौरई नगर में हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल पेश की गई।

मोहखेड़ को पांढुर्ना में शामिल करने की अफवाह पर भाजपा ने खोला मोर्चा

सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से बढ़ा आक्रोश, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 12 सितंबर, मोहखेड़ तहसील को पांढुर्ना जिले में शामिल किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित भ्रामक पोस्ट को लेकर भाजपा मंडल मोहखेड़ एवं मंडल लिंगा के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया पर बिना किसी आधिकारिक आधार के इस तरह की पोस्ट डालकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। इसके साथ ही कुछ पोस्ट में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की गई

हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मांग की कि सोशल मीडिया पर ऐसी भ्रामक जानकारी पोस्ट डालने वालों की पहचान कर जांच की जाए तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अफवाहों के कारण क्षेत्र में अनावश्यक भ्रम और आक्रोश का माहौल बन रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि की जानकारी साझा नहीं करने की अपील भी की।

ज्ञापन सौंपने वालों में मदन साहू, लखन डोंगरे, राजू पवार, ललिता विलास घोंघे, कृष्णा डिगरसे, विलास घोंघे, गगन घडकडे़, घनश्याम कड़वे, अनिल विश्वकर्मा, गणेश डोंगरे, सुनील उइके, महेश भादे, लीलाधर दरवईकर, कमलेश सावले, जगजीवन टेकले, सुदामा डोबले, सदाशिव खौसी, विपिन कराडे, रूपेश कराडे, सुखदेव साहू, लक्ष्मीनारायण सोनी, डोमाजी कड़वे, सालिकराम कनेरे, शरद डोंगरे, नारायण डोंगरे, अंश चौरसिया, रवि ठाकुर, कृष्णा राउत, हरिश पवार, विजय पगारे, निलेश मसतकार, सुंदरलाल पटेल, दुर्गेश चौरिया, आशाराम धुर्वे, घनश्याम साहू, खुशाल देशमुख, यशवंत फरकारे एवं नकुल डिगरसे सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रतिष्ठापना दिवस पर गुरुद्वारे में धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 12 सितंबर, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रतिष्ठापना दिवस के पावन अवसर पर जुन्नारदेव स्थित गुरुद्वारा में शनिवार सुबह विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। संगत ने गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष मत्था टेका और अरदास कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विशेष पाठ, अरदास एवं शबद-कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्रंथी सरदार राजपाल सिंह ने संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन शिक्षाओं एवं गुरबाणी के महत्व से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की वाणी हमें मानवता, सेवा, प्रेम, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। धार्मिक कार्यक्रम के पश्चात गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं संगत ने प्रसादी ग्रहण की। गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में भी सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान गुरुद्वारा परिसर भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण से सराबोर रहा।

समस्या

दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ, उमरानाला 12 और मोहखेड़ 20 किमी दूर होने से ग्रामीण परेशान

सारंगबिहरी उप स्वास्थ्य केंद्र को पीएचसी में उन्नयन करने की मांग

नवभारत न्यूज

सारंगबिहरी/मोहखेड़, 12 सितंबर, सारंगबिहरी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में उन्नयन करने की मांग ग्रामीणों ने उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि सारंगबिहरी आसपास के दर्जनों गांवों के बीच स्थित है और यहां पीएचसी की सुविधा मिलने से बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सीएचओ मुख्यालय

पर रहकर ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं, जिससे प्राथमिक उपचार के लिए लोगों को राहत मिल रही है। ग्रामीणों के अनुसार चिकित्सक, जांच या बेहतर उपचार की जरूरत पड़ने पर मरीजों को करीब 12 किलोमीटर दूर उमरानाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और लगभग 20 किलोमीटर दूर मोहखेड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। रात के समय अचानक तबीयत बिगड़ने पर मरीजों को इतनी दूरी तक ले जाना बड़ी परेशानी बन जाता है।

इनका कहना है

उमरानाला करीब 12 किलोमीटर दूर है। रात में मरीज को इतनी दूर ले जाना मुश्किल होता है। सारंगबिहरी में पीएचसी की सुविधा मिलनी चाहिए।
दशरथ खिरेकर,ग्रामीण

बच्चों और बुजुर्गों को इलाज के लिए दूर ले जाने में काफी परेशानी होती है। गांव में ही डॉक्टर और जांच की सुविधा मिले तो बड़ी राहत होगी।
रफीक शाह,ग्रामीण

सारंगबिहरी आसपास के कई गांवों के लोग स्वास्थ्य सुविधा के लिए सारंगबिहरी आते हैं। पीएचसी बनने से बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।
मनोज पाल,ग्रामीण

सीएचओ मुख्यालय पर रहकर सेवा दे रही हैं, यह अच्छी पहल है। अब यहां चिकित्सक, दवाइयां और जांच सुविधाएं भी बढ़ाई जानी चाहिए।
लक्ष्मणराव डिगरसे, ग्रामीण

सेवा संकल्प अभियान को लेकर मोहखेड़-लिंगा मंडल में मंथन

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 12 सितंबर, सेवा संकल्प अभियान को लेकर मोहखेड़-लिंगा मंडल की कार्यशाला एवं मंडल कार्यसमिति बैठक उमरानाला के कनेरे लॉन में आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़ के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में आगामी अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के दायित्वों को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।

इस दौरान मोरेश्वर मर्सकोले, मदन साहू, लखन डोंगरे, राजू पवार, ललिता विलास घोंघे, कृष्णा डिगरसे, देवेन्द्र गायकवाड़, विलास घोंघे, राहुल मोहोड़, गगन घडकरे, घनश्याम कड़वे, अनिल विश्वकर्मा, गणेश डोंगरे, सुनील उइके, महेश भादे, लीलाधर दरवईकर, कमलेश सावले, जगजीवन टेकले, सुदामा डोबले, सदाशिव खौसी, विपिन कराडे, रूपेश कराडे, सुखदेव साहू, लक्ष्मीनारायण सोनी, डोमाजी कड़वे, सालिकराम कनेरे, शरद डोंगरे, नारायण डोंगरे, अंश चौरसिया, रवि ठाकुर, कृष्णा राउत, हरिश पवार, विजय पगारे, निलेश मसतकार, सुंदरलाल पटेल, दुर्गेश चौरिया, आशाराम धुर्वे, घनश्याम साहू, खुशाल देशमुख, यशवंत फरकारे, नकुल डिगरसे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छिंदवाड़ा

// ईश्तहार //

रा0प्र0अ0/0035/अपील/2026-2027
मौजा खजरी प0ह0न0

चूंकि, अपीलार्थी श्री सद्दू पिता बाजेलाल पवार निवासी खजरी तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार छिन्दवाड़ा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 2977/अ-6/2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 02.06. 2025 से व्यथित होकर अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें अपीलार्थी द्वारा उत्तरवादी अब्दुल कदीर पिता हाजी अब्दुल लतीफ निवासी खजरी छिन्दवाड़ा तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा को विधिवत पक्षकार बनाया गया है, जिसे इस न्यायालय द्वारा सूचना पत्र जारी किया गया. पंजीयत सूचना पत्र में उत्तरवादी का ÷सही पता नहीं होने से सूचना पत्र तामिल नहीं हो सका÷ की टीप सहित सूचना पत्र वापिस प्राप्त हुआ है।

एतद् द्वारा इस इस्तहार / सूचना पत्र के माध्यम से उत्तरवादी अब्दुल कदीर पिता हाजी अब्दुल लतीफ निवासी खजरी छिन्दवाड़ा तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा को सूचित किया जाता है, उक्त अपील प्रकरण में यदि कोई दावा आपत्ति हो या अपना पक्ष रखना चाहते हों तो, वह स्वंय या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति / पक्ष इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23 सितम्बर 2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत् तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नहीं हो पाने की अथवा दावा/आपत्ति/पक्ष प्रस्तुत् नहीं कर पाने दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।
पदमुद्रः-

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
छिन्दवाड़ा**